पत्रांक–(SFC)...200/वि0 आ0
झारखण्ड सरकार
राज्य वित्त आयोग

राँची, दिनांक.-04-11-2024

प्रेषक,

अमरेन्द्र प्रताप सिंह,
अध्यक्ष,
पंचम राज्य वित्त आयोग, झारखण्ड, राँची।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव/
प्रधान सचिव/ सचिव
झारखण्ड सरकार।

विषय :– पंचम राज्य वित्त आयोग के सहयोग तथा विभाग से सतत समन्नवय हेतु विभाग द्वारा नोडल (Nodal Officer) नामित करने के संबंध में :

महाशय,

आप अवगत है कि राज्य सरकार द्वारा पंचम राज्य वित्त आयोग का गठन अधिसूचना ज्ञापांक–526/वि0 दिनांक–23.02.2024 द्वारा किया गया है। आयोग द्वारा विभिन्न विभागों से कतिपय सूचनाएं प्रेषण का अनुरोध अपने विभिन्न अर्द्धसरकारी पत्रों के माध्यम से माह अप्रैल–मई–2024 में किया था। कतिपय स्मार पत्र भी प्रेषित किया गया है। विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की गई। कई बैठक विभिन्न कारणों से आयोजित नहीं हो सकी है। अद्यतन आंशिक सूचनाएं मात्र पथ निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, योजना एवं विकास विभाग, अनु0 जनजाति, अनु0 जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग विभाग, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से प्राप्त हुआ है। लेकिन अद्यतन पूर्ण अपेक्षित प्रतिवेदन अप्राप्त रहने के कारण प्रतिवेदन आधारित विमर्श नहीं हो सका है। इसके कारण आयोग का कार्य प्रभावित हो रहा है।

उक्त के क्रम में अनौपचारिक विमर्श में पता चला कि दो आम चुनाव (लोकसभा/विधानसभा) तथा विभागीय गतिविधि में बढ़ोत्तरी के कारण वर्तमान स्थिति उत्पन्न हुई। माननीय वित्त मंत्री महोदय को वस्तुस्थिति से साक्षात्कार कर अवगत कराया गया था। नोडल पदाधिकारी से समन्नवय का सुझाव माननीय मंत्री महोदय ने देने की कृपा की थी।

अतः अनुरोध है कि पंचम राज्य वित्त आयोग तथा विभाग के बीच सेतु का कार्य करने हेतु नोडल पदाधिकारी के रूप में एक सक्षम/सक्रिय/अनुभवी तथा विभागीय गतिविधि के

4-

जानकार पदाधिकारी को नामित करने का कष्ट किया जाय। संबंधित पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम Mobile No/ E-Mail Id की सूचना इस कार्यालय को दिया जाय। इस कार्यालय का E-Mail Id-5thsfcjharkhand@gmail.com है। इस पर भी सूचना दी जा सकती है। इस कार्यालय के निम्न पदाधिकारी से किसी सूचना हेतु विमर्श किया जा सकता है:–

1. **श्री नितीश कुमार सिंह,** सचिव, पंचम राज्य वित्त आयोग – मो०नं०–8789611205
2. **श्री कौशल किशोर झा,** उप सचिव, पंचम राज्य वित्त आयोग – मो०नं०–8002690819

विश्वासभाजन,

AP 30/10/24

(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)
अध्यक्ष।

ज्ञापांकः–(SFC) 200 / वि० आ० राँची, दिनांक– 04-11-2024

प्रतिलिपि :– सचिव, वित्त विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

AP 30/10/24

(अमरेन्द्र प्रताप सिंह)
अध्यक्ष।